Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा - 11

भूगोल

भारत भौतिक पर्यावरण

अध्याय-2
संरचना तथा भू-आकृति विज्ञान

अभ्यास प्रश्न

ओम प्रकाश खोजा

बहुवैकल्पिक प्रश्न


1 (i) अंडमान और निकोबार को कौन-सा जल क्षेत्र अलग करता है?

अ 11° चैनल

ब 10° चैनल

स मन्नार की खाड़ी

द अंडमान सागर






1 (ii) डोडाबेटा चोटी निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ी श्रृंखला में स्थित है?

अ नीलगिरि

ब कार्डामम

स अनामलाई

द नल्लामाला





निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए :

2 (i) यदि एक व्यक्ति को लक्षद्वीप जाना हो तो वह कौन-से तटीय मैदान से होकर जाएगा और क्यों?



2 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए :**

(i) यदि एक व्यक्ति को लक्षद्वीप जाना हो तो वह कौन-से तटीय मैदान से होकर जाएगा और क्यों?

उत्तर : लक्षद्वीप जाने के लिए केरल के मालाबार तट से होकर आसानी से जाया जा सकता है।

कारण : केरल के तट से 280 कि.मी. से 480 कि.मी. दूर स्थित है, जो लक्षद्वीप के सबसे निकट का भारतीय तट है।



अभ्यास प्रश्न






2 (ii) भारत में ठंडा मरुस्थल कहाँ स्थित है? इस क्षेत्र की मुख्य श्रेणियों के नाम बताएँ।

2 (ii) भारत में ठंडा मरुस्थल कहाँ स्थित है? इस क्षेत्र की मुख्य श्रेणियों के नाम बताएँ।

उत्तर :

- भारत में ठंडा मरूस्थल कश्मीर हिमालय के उत्तरी-पूर्वी भाग में लद्दाख में है।
- इस क्षेत्र की प्रमुख श्रेणियाँ

1. काराकोरम श्रेणी
2. जॉस्कर श्रेणी
3. लद्दाख श्रेणी
4. पीरपंजाल श्रेणी





2 (iii) पश्चिमी तटीय मैदान पर कोई डेल्टा क्यों नहीं है?





2 (iii) पश्चिमी तटीय मैदान पर कोई डेल्टा क्यों नहीं है?

उत्तर :

- पश्चिमी तट अधिक ऊँचा व उभरा हुआ भाग है।
- पश्चिमी तट की ओर बहने वाली नदियों की ढाल काफी तीव्र है, इसलिए ये नदियाँ अपने मुहाने पर अनेक शाखाओं में विभाजित नहीं होती है।
- अत: इनसे डेल्टा का निर्माण नहीं होता है, बल्कि ज्वारनदमुख निर्मित होता है।
- जैसे- नर्मदा व तापी नदियों के ज्वारनदमुख।



निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए:

3 (i) अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूहों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करें।



3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए:

(i) अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूहों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करें।

उत्तर :

अरब सागर में स्थित द्वीप	बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप
लक्षद्वीप समूह, जो केरल के तट से 280-480 कि.मी. दूर स्थित है।	अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, जो बंगाल खाड़ी में है।



अरब सागर में स्थित द्वीप	बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप
निर्माण – प्रवाल निक्षेप से	जलमग्न पर्वतों के हिस्से है तथा कुछ द्वीप ज्वालामुखी उद्गार से निर्मित है।
कुल द्वीप – 36	**कुल द्वीप** – 572
अक्षांशीय विस्तार 8° उ.अ. – 12° उ.अ.	**अक्षांशीय विस्तार** 6° उ.अ. – 14° उ.अ.
देशांतरीय विस्तार 71° पू.दे. – 74° पू.दे.	**देशांतरीय विस्तार** 92° पू.दे. – 94° पू.दे.

Under CSR Support by ipca | Foundation


अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER




अरब सागर में स्थित द्वीप	बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप
8° चैनल लक्षद्वीप समूह को दो भागों में विभाजित करता है। **उत्तर में** – अमीनी द्वीप **दक्षिण में** – कनानोरे द्वीप	**10° चैनल** अंडमान निकोबार द्वीप समूह को दो भागों में विभाजित करता है। **उत्तर में** – अंडमान द्वीप समूह **दक्षिण में** – निकोबार द्वीप समूह
यहाँ तूफान निर्मित पूलिन है जिस पर अबद्ध गुटिकाऐं, शिंगिल, गोलाश्मिकाएँ तथा गोलाश्म पूर्वी समुद्र तट पर पाए जाते हैं।	पश्चिमी तट के साथ कुछ प्रवाल निक्षेप है तथा खूबसूरत पुलिन है।





3 (ii) नदी घाटी मैदान में पाए जाने वाली महत्वपूर्ण स्थलाकृतियाँ कौनसी है। इनका विवरण दें।



3 (ii) नदी घाटी मैदान में पाए जाने वाली महत्वपूर्ण स्थलाकृतियाँ कौनसी है। इनका विवरण दें।

उत्तर : नदी घाटी मैदान में नदियों के जलोढ़ निक्षेपण से निर्मित भू-भाग है जहाँ विभिन्न स्थलाकृतियाँ पायी जाती है जो इस प्रकार हैं –

भाभर

- गिरिपाद के समान्तर 8-10 कि.मी. चौड़ाई की पतली पट्टी।
- नदियाँ यहाँ जलभार, जैसे- बड़े शैल और गोलाश्म जमा करती है।
- नदियाँ लुप्त प्राय हो जाती है।


अभ्यास प्रश्न



तराई

- भाभर के दक्षिण में 10-20 कि.मी. चौड़ाई की पट्टी।
- लुप्त नदियाँ धरातल पर निकल कर प्रकट होती है।
- इन नदियों की निश्चित वाहिकाएँ नहीं होती है ये क्षेत्र अनूप बन जाता है।
- वनस्पतियों से ढका रहता है।





जलोढ़ मैदान

- तराई के दक्षिण में दो प्रकार के जलोढ़ मैदान हैं- खादर व बाँगर।
- नदी की प्रौढ़ावस्था से निर्मित अपरदनी व निक्षेपणात्मक स्थलाकृतियाँ, जैसे – बालू-रोधिका, विसर्प, गोखुर झीलें व गुंफित नदियाँ पायी जाती हैं।

डेल्टा

- समुद्र में गिरने से पूर्व नदियाँ विभिन्न शाखाओं में विभाजित होकर डेल्टा का निर्माण करती है।
- जैसे – सुन्दरवन डेल्टा।





(iii) यदि आप बद्रीनाथ से सुंदरवन डेल्टा तक गंगा नदी के साथ-साथ चलते हैं, तो आपके रास्ते में कौनसी मुख्य स्थलाकृतियाँ आएँगी।



3 (iii) यदि आप बद्रीनाथ से सुंदरवन डेल्टा तक गंगा नदी के साथ-साथ चलते हैं, तो आपके रास्ते में कौनसी मुख्य स्थलाकृतियाँ आएँगी।

उत्तर :

- बद्रीनाथ उत्तराखण्ड राज्य के मध्य हिमालय में चमोली जिले की फूलों की घाटी के समीप स्थित है।
- यदि हम बद्रीनाथ से गंगा के साथ-साथ सुन्दरवन डेल्टा के लिए चलें तो हमें कई प्रकार की भू-आकृतियों से होकर जाना होगा।

अभ्यास प्रश्न




- पर्वतीय क्षेत्र में ऊँची-ऊँची चोटियाँ, गहरी घाटियों व तीव्र ढाल वाले क्षेत्रों को पार करना पड़ेगा।
- इस मार्ग में गॉर्ज, V-आकार की घाटी और तीव्र ढाल मुख्य स्थलाकृतियाँ हमें मिलेंगी।
- हरिद्वार के पास हमारा पर्वतीय मार्ग समाप्त हो जाएगा और मैदानी मार्ग आरम्भ हो जाएगा।
- यहाँ पर तराई अथवा भाबर क्षेत्र से गुजरना पड़ेगा। इसके पश्चात् समतल मैदान पार करना होगा।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





- इस मैदान में धरातल प्रायः समतल मिलेगा, कोई भी ऊँची श्रेणी नहीं मिलेगी।
- गंगा के टेढ़े विसर्पो और गोखुर झीलों के साथ हम सुन्दरवन डेल्टा पर पहुंचेंगे।
- यह डेल्टा गंगा नदी द्वारा निर्मित है।
- यहाँ गंगा विभिन्न शाखाओं में विभक्त होकर इस डेल्टा का निर्माण करती है।
- यह डेल्टा समुद्र तल से 150 मीटर ऊँचा है।